Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

➢ बाड़मेर में पटवारी 2 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

जयपुर, *26 जुलाई, शुक्रवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की बाड़मेर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **रामूलाल मीणा पटवारी पटवार मण्डल बीजासर, तहसील धनाऊ, जिला बाड़मेर** को परिवादी से **2 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए. सी.बी. की बाड़मेर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि सरकारी योजना का लाभ लेने हेतु किये गये आवेदन पत्रों में भूमि का इन्द्राज करने, जमाबंदी एवं नक्शे की प्रमाणित प्रतिलिपियाँ देने की एवज में आरोपी रामूलाल मीणा पटवारी पटवार मण्डल बीजासर, तहसील धनाऊ, जिला बाड़मेर द्वारा **3 हजार रूपये** रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी जोधपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री हरेन्द्र महावर** के सुपरवीजन में एसीबी की बाड़मेर इकाई के **उप अधीक्षक पुलिस श्री किशन सिंह चारण** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी रामूलाल मीणा पटवारी पटवार मण्डल बीजासर, तहसील धनाऊ, जिला बाड़मेर को परिवादी से **2 हजार रूपये** की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी जयपुर की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**